**बरेली पुलिस**

**थाना- बारादरी**

**प्रेस नोट दिनांक 07.02.2026**

**थाना बारादरी #bareillypolice व ए0एन0टी0एफ की संयुक्त टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाला 01 शातिर अभियुक्त को 752 ग्राम अवैध अफीम ( जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 19 लाख रूपये ) व 01 मल्टीमीडिया मोबाईल फोन व 2000 रुपये नकद के साथ किया गया गिरफ्तार ।**

**घटना का संक्षिप्त /पुलिस टीम का विवरण कार्यवाहीः-**

थाना बारादरी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ए0एन0टी0एफ0 टीम बरेली के सहयोग से दिनांक 06/07.02.2026 की रात्रि शातिर मादक पदार्थ विक्रेता अभियुक्त अली हसन पुत्र अली अहमद नि0 एजाज नगर गौटिया कादरी मस्जिद के पास थाना बारादरी जनपद बरेली उम्र 35 वर्ष को पीलीभीत बाईपास डोहरा मोड के करीब से 752 ग्राम अवैध अफीम ( जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 19 लाख रूपये ) व 01 मल्टीमीडिया मोबाईल फोन व 2000 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त के सम्बन्ध मे थाना बारादरी जनपद बरेली मे अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 0146/2026 धारा 8/18 NDPS एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ कर मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया जा रहा है ।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 0146/2026 धारा 8/18 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली बनाम अली हसन पुत्र अली अहमद नि0 एजाज नगर गौटिया कादरी मस्जिद के पास थाना बारादरी जनपद बरेली उम्र 35 वर्ष के विरूद्ध दिनांक 07.02.2026 को पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है ।

**पूछताछः-**

अभियुक्त अली हसन उपरोक्त ने पूछने पर बताया कि वह 8वीं क्लास पास है तथा शादीशुदा हैं व तीन छोटे बच्चे हैं। पत्नी घर पर ही रहती है। अभियुक्त पहले कुवैत मे ड्राईविंग करता था कुछ समय पहले ही कुवैत से भारत आया था । अभियुक्त का छोटा भाई जीशान पुत्र अली अहमद नि0 एजाज नगर गौटिया कादरी मस्जिद के पास थाना बारादरी जनपद बरेली जो वर्तमान समय मे जिला कारागार डाल्टनगंज झारखण्ड मे एन0डी0पी0एस एक्ट के मामले मे अपने दो साथियों के साथ निरुद्ध है। दिनांक 26.01.2026 को अभियुक्त अली हसन उपरोक्त अपने भाई जीशान उपरोक्त से मिलने जिला कारागार डाल्टनगंज झारखण्ड गया था, वहीं पर उसकी मुलाकात एक नोकिया नाम के व्यक्ति से हुई, जिससे उसने उक्त अफीम खरीदी थी और उक्त अफीम को लेकर कल दिनाँक 06.02.2026 को ही अपने घर बरेली आया था। तथा इसे बेचने के लिये उसे एक व्यक्ति से बात हुई थी और बेचने जाते समय ही पकडा गया सम्बन्धित व्यक्ति का मोबाईल नम्बर की जानकारी हो गयी है, जिसके आधार पर घटना मे प्रकाश मे लाकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**बरामदगी**

1. 752 ग्राम अफीम (कीमत लगभग 19 लाख रूपये )
2. 01 मल्टीमीडिया मोबाईल फोन
3. 2000/- रुपये नकद

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक धनंन्जय पाण्डेय थाना बारादरी बरेली ।
2. ए0एन0टी0एफ टीम जनपद बरेली।
3. उ0नि0 उ0नि0 कुशलपाल सिह प्रभारी चौकी जगतपुर थाना बारादरी बरेली ।
4. हे0कां0 942 फहीम चौधरी थाना बारादरी बरेली ।
5. कां0 1942 प्रदीप कुमार थाना बारादरी बरेली ।